CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 105 ▫ रायपुर, शनिवार 9 मई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### तमिललाडु का सियासी दंगल! टीटीवी दिनाकरन ने विजय की टीवीके के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**नई दिल्ली, 9 मई (न्यूज चैनल)।** तमिलनाडु में सरकार बनाने की रस्साकशी अब पुलिस स्टेशन तक जा पहुँची है। अम्मा मक्कल मुन्नेत्र कज़गम के प्रमुख टीटीवी दिनाकरन ने अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम के खिलाफ जालसाजी की शिकायत दर्ज कराई है। यह पूरा विवाद, रूब्य के इकलौते विधायक एस. कामराज के कथित समर्थन पत्र को लेकर शुरू हुआ है। यह शिकायत दोनों पार्टियों के बीच, रूब्य के एकमात्र रूरु एस. कामराज के समर्थन को लेकर बढ़ते राजनीतिक टकराव के बीच आई है। यह ताज़ा घटनाक्रम तब सामने आया जब टीटीवी दिनाकरन ने आरोप लगाया कि टीवीके ने गवर्नर के साथ एमएलए कामराज के पत्र की एक फर्जी कॉपी साझा की थी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की धमकी दी थी। इन आरोपों के बाद, टीवीके ने कामराज का एक वीडियो जारी किया जिसमें वह विजय के नेतृत्व वाली पार्टी के समर्थन में एक पत्र लिखते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो सीधे तौर पर रूब्य प्रमुख दिनाकरन के उस पहले के दावे का खंडन करता है जिसमें उन्होंने कहा था कि टीवीके के पक्ष में एक फर्जी पत्र फैलाया गया था। यह ताज़ा तनाव तब बढ़ा, जब कुछ घंटे पहले ही धिनकरन ने एक नाटकीय घटनाक्रम में, कामराज के साथ लोक भवन में गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाक़ात की और औपचारिक रूप से एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी के सरकार बनाने के दावे का समर्थन किया।

### होर्मुज जलडमरूमध्य के पास हादसा-भारतीय चालक दल की नाव में लगी आग, एक की मौत

**नई दिल्ली, 9 मई (न्यूज चैनल)।** होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक भारतीय नाविक की मौत हो गई है। इसके साथ ही कई अन्य घायल हो गए हैं। दरअसल, यह हादसा एक लकड़ी की नाव में आग लगने से हुई है। यह जानकारी एक सरकारी सूत्र ने शनिवार को दी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुई घटना के बाद 17 अन्य भारतीय चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया। यह भी बताया कि आग लगने के सटीक कारण का अभी पता लगाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, चालक दल के सदस्यों को उस क्षेत्र से गुजर रहे एक जहाज ने बचाया। यह घटना होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच हुई है, जो फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिससे होकर दुनिया की तेल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गुजरता है। एक सूत्र ने बताया, सामान्य माल से लदी एक लकड़ी की नाव, जिसमें 18 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार थे, कल होर्मुज जलडमरूमध्य के पास आग लगने के बाद पलट गई।




चूहा- सुनती हो, तमिलनाडु के एक्टर विजय को बहुमत के लिए दो विधायक नहीं मिल रहे हैं..
चुहिया- हां जी, लगता है आखिर में मोदीजी को ही फोन लगाना पड़ेगा।



### पीएम मोदी, नितिन नबीन समेत दिग्गज नेताओ की मौजूदगी में ली सीएम पद की शपथ

# बंगाल के नए मुख्यमंत्री बने सुवेंदु

### शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं को दंडवत प्रमाण किया

**नई दिल्ली, 9 मई (न्यूज चैनल)।** बंगाल की राजनीति में आज बड़ा बदलाव हो गया है. बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी राज्य के मुख्यमंत्री बन गए है. सुवेंदु अधिकारी ने भवानीपुर में पूर्व सीएम ममता बनर्जी को हराया था. प्रोटोकॉल के हिसाब से ममता बनर्जी को भी समारोह का न्योता भेजा गया था. लेकिन वे शपथ ग्रहण समारोह में नहीं पहुंची. शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कोलकाता स्थित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में किया गया. इस समारोह में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद हैं. इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई दिग्गत नेता भी इस शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा बन रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद पीएम मोदी ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं को दंडवत प्रमाण किया।

**शुभेंदु के शपथग्रहण के लिए 20 राज्यों के मुख्यमंत्री पहुंचे:** पश्चिम बंगाल में पहली बार बनने जा रही भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के साथ-साथ साधु-सतों का भी भारी जमावड़ा है. कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए देश भर से बीजेपी और एनडीए के नेता पहुंच रहे हैं. बंगाल के स्थानीय नेता, कार्यकर्ता के साथ-साथ बड़ी संख्या में साधु-संत भी वहां पहुंचे हैं.एक साधु ने कहा, अब राम राज्य शुरू हो गया है, इसलिए साधु यहां आए हैं।

### इन्होंने ली मंत्री पद की शपथ

एक तरफ जहां सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली वहीं दूसरी तरफ बंगाल बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. आने वाले समय में वे उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं. दिलीप घोष के अलावा आसलसोल सीट से विधायक बनने वाली अग्निमित्रा पॉल ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. वहीं उत्तर 24 परगना से विधायक अशोक कीर्तनिया ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. रानिबांध से बीजेपी विधायक क्षुदिराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. पेशे से शिक्षक रह चुके क्षुदिराम को बंगाल में बड़ा आदिवासी समुदाय के बड़े चेहरे के तौर पर देखे जाते हैं. इसके अलावा कूंचबिहार से सांसद रहे निसिथ प्रामाणिक ने भी मंत्री पद की शपथ ली है।



### कौन हैं 98 वर्षीय माखनलाल, जिन्हें गले लगाकर पीएम ने छुए पैर



पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नींव को मजबूत करने वाले सबसे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से एक, 98 वर्षीय माखनलाल सरकार एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री ने उनका आशीर्वाद लिया, जो पार्टी की ओर से अपने वरिष्ठ नेताओं और संस्थापक सदस्यों के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

### विष्णुदेव साय कोलकाता में शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुवेंदु अधिकारी को दी शुभकामनाएं



**रायपुर, 9 मई (हाईवे चैनल)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में आज एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया, जब सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लंबे समय से परिवर्तन की प्रतीक्षा कर रही जनता की आशाओं को नई दिशा मिली और पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन का सपना साकार हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोलकाता पहुंचकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी सहित शपथ लेने वाले सभी मंत्रिपरिषद सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह जनादेश केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल में विकास, सुशासन और नई कार्यसंस्कृति की स्थापना का जनसंकल्प है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्वास व्यक्त किया कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और डबल इंजन सरकार की शक्ति से पश्चिम बंगाल विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नई सरकार के माध्यम से राज्य के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे, किसानों को समृद्धि का नया मार्ग मिलेगा तथा मातृशक्ति को सशक्त और सुरक्षित वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, पारदर्शिता और सुशासन के पक्ष में अपना स्पष्ट विश्वास व्यक्त किया है।

## कार और बाइक में भिड़ंत तीन युवकों की मौके पर मौत



**बालोद, 9 मई (हाईवे चैनल)।** जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र में आज दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खैरडीह गांव के पास कार और मोटरसाइकिल में हुई भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक मृतकों की पहचान तरुण कुमार यादव पिता मिनेन्द्र यादव (20 वर्ष), राहुल सेवता पिता सावंत सेवता (20 वर्ष) दोनों सीर्राभाठा निवासी और नरेंद्र भुआर्य पिता पुरषोत्तम भुआर्य (21 वर्ष) ग्राम मुड़खुसरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार दल्लीराजहरा से राजनांदगांव की ओर जा रही थी, जबकि बाइक सवार देवरी की तरफ से डौंडीलोहारा आ रहे थे। इसी दौरान खैरडीह गांव के पास दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवकों ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डौंडीलोहारा पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी में रखवाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।


## सीएमओ चेंबर बना अखाड़ा, इंजीनियर ने साथियों के साथ एकाउंटेंट को जमकर पीटा

**गरियाबंद, 9 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के देवभोग के नगर पंचायत में सीएमओ का चेंबर अखाड़ा बन गया. चेंबर में सीएमओ के सामने ही एकाउंटेंट से मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में एकाउंटेंट संदीप चंद्राकर की कुछ लोग पिटाई करते दिख रहे है. इस बीच संदीप भी एक सरदार की पगड़ी निकाल कर पिटाई करते दिख रहा है. सीएमओ बीच बचाव के मुद्रा में नजर आ रहे हैं, जबकि इंजीनियर खड़े होकर तमतमाते दिख रहे हैं। जानकारी के



मुताबिक, घटना 7 मई के शाम 5 बजे के बाद का बताया गया है. मारपीट के बाद संदीप की शिकायत पर इंजीनियर श्याम सुंदर पटनायक और उनके तीन सहयोगी के खिलाफ मामला थाने में दर्ज किया गया है. वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत पर संदीप चंद्राकर के खिलाफ देवभोग पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। थाना प्रभारी फैजुल शाह हुदा ने कहा कि प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है. सीएमओ दुष्यंत साहू से घटना वाले दिन की सीसीटीवी फुटेज की मांग की गई थी, लेकिन उस वक्त उनके द्वारा रिकॉर्डिंग होने से इंकार कर दिया गया था. अब वायरल वीडियो की पुष्टि के लिए सीएमओ को पत्र लिख जानकारी मांगी जा रही है।

### डेढ़ करोड़ के एलपीजी घोटाले में पूर्व राज्यमंत्री के दामाद भाजपा नेता को पुलिस ने धरा



**महासमुंद, 9 मई (हाईवे चैनल)।** करीब 1.5 करोड़ रुपए से अधिक के एलपीजी घोटाले की जांच कर रही पुलिस ने प्लांट मैनेजर, खाद्य अधिकारी और सहायक खाद्य अधिकारी के साथ गौरव गैस एजेंसी के संचालक पंकज चंद्राकर को भी हिरासत में लिया है. भाजपा नेता पंकज चंद्राकर पूर्व राज्यमंत्री पूरन चंद्राकर के दामाद हैं। बता दें कि लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के एलपीजी की कालाबाजारी का मामला हफ्ते भर पहले सामने आया था. पुलिस के मुताबिक, यह पूरा खेल मार्च के अंतिम सप्ताह से लेकर 6 अप्रैल 2026 के बीच सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। आरोप है कि खाद्य अधिकारी अजय यादव, सहायक खाद्य अधिकारी मनीष यादव और गौरव गैस एजेंसी के संचालक पंकज चंद्राकर ने प्लांट मैनेजर निखिल वैष्णव के साथ मिलीभगत कर प्लानिंग के साथ 6 गैस कैप्सूल को अभनपुर स्थित ठाकुर पेट्रोकेमिकल को हैण्ड ओवर किया था, जहां से कैप्सूल वाहनों में भरी गैस को धीरे-धीरे निकालकर अलग-अलग टैंकरों के जरिए बाजार में खपा दिया।

### वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन बने अगले नौसेना प्रमुख, 31 मई को संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली, 9 मई (न्यूज चैनल)।** सरकार ने वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को नया नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। वह एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी की जगह लेंगे, जो 31 मई को सेवा से रिटायर होने वाले हैं। वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने पिछले साल 31 जुलाई को पश्चिमी नौसेना कमान के 34वें फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के तौर पर कार्यभार संभाला था।



इस फ्लैग ऑफिसर को 1 जुलाई, 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था और वह संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के विशेषज्ञ हैं। वह नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला, जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, श्रिवेनहैम, यूनाइटेड किंगडम; कॉलेज ऑफ नेवल वॉरफेयर, करंजा; और यूनाइटेड स्टेट्स नेवल वॉर कॉलेज, न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड के पूर्व छात्र हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित इस एडमिरल ने अपने नौसेना करियर में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल, स्टाफ और प्रशिक्षण पदों पर काम किया है। इनमें मिसाइल वेसल आईएनएस विद्युत और विनाश; मिसाइल कॉर्वेट आईएनएस कुलिश; गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मैसूर और विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य की कमान संभालना शामिल है।

## रायपुर में आईपीएल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट का लगेगा तड़का जिम्बाब्वे के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम खेलेगी 3 मैच

**रायपुर, 9 मई (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में इस साल सिर्फ आईपीएल ही नहीं बल्कि इंटरनेशनल टी-20 मैचों का तड़का भी लगने वाला है. बीसीसीआई ने आगमी सीजन के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है. भारतीय सीनियर महिला टीम अक्टूबर महीने में जिम्बाब्वे महिला टीम की मेजबानी करते नजर आने वाली हैं. यह दोनों देशों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी, जिसमें 6 सफेद गेंद के मुकाबले खेले जाएंगे. रायपुर में तीन टी-20 और वडोदरा में तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे. अबतक रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सिर्फ भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने ही मैच खेला हैं.



यह पहली बार होगा जब महिला क्रिकेट टीम यहां कोई अंतराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी.

जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम का यह ऐतिहासिक दौरा होने वाले है, क्योंकि यह उनका पहला भारत दौरा होगा। दोनों देशों की महिला टीमें पहली बार द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेंगी. इससे पहले दोनों टीमों के बीच मुकाबले केवल आईसीसी टूर्नामेंट और क्वालिफायर प्रतियोगिताओं तक सीमित रहे हैं। भारतीय महिला टीम ने भी अब तक जिम्बाब्वे का दौरा नहीं किया है। आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के मद्देनजर बीसीसीआई महिला क्रिकेट के द्विपक्षीय सीरीज बढ़ा रही है. दरअसल वर्ष 2027 में श्रीलंका में महिला टी20 चैंपियंस ट्रॉफी होने जा रही है. ऐसे में यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**रायपुर में होंगे 3 टी-20 मैच**

16 अक्टूबर को पहला टी20
18 अक्टूबर को दूसरा टी20
20 अक्टूबर को तीसरा टी20

**वडोदरा में होंगे 3 वनडे मैच**

23 अक्टूबर को पहला वनडे
25 अक्टूबर को दूसरा वनडे
28 अक्टूबर को तीसरा वनडे

## डेम में हाथी शावक की डूबने से मौत

**रायगढ़, 9 मई (हाईवे चैनल)।** धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र अंतर्गत सिंघीझाप स्थित घोघरा डेम में लगभग 6 माह आयु के एक हाथी शावक की डूबने से मृत्यु होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 07 मई 2026 को लगभग 20 हाथियों का दल बोजिया परिसर के कक्ष क्रमांक 516 आर.एफ. में विचरण कर रहा था, जो शाम लगभग 5.30 बजे से 6.30 बजे के बीच सिंघीझाप परिसर के कक्ष क्रमांक 502 आर.एफ. की ओर बढ़ा। देर रात लगभग 2 से 3 बजे के बीच यह दल घरघोड़ा परिक्षेत्र से वापस लौटकर घोघरा डेम के पानी में उतरा, जहां संभवत: इसी दौरान शावक की डूबने से मृत्यु हो गई। घटना के बाद दल के 15 हाथी लोटान क्षेत्र की ओर चले गए, जबकि शेष 5 हाथी, जिनमें एक नर, तीन मादा एवं एक शावक शामिल थे, कक्ष क्रमांक 502 में ही रुके रहे। 8 मई को नियमित गश्त के दौरान हाथी ट्रैकर्स ने घोघरा डेम में शावक को मृत अवस्था में देखा और इसकी सूचना तत्काल वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की



तीन सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची, जिसमें डॉ. आशीष राठिया, डॉ. विवेक नायक एवं डॉ. अनिल कुमार सिंह शामिल थे। टीम की उपस्थिति में मृत शावक का विस्तृत पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम उपरांत मृत्यु के वास्तविक कारणों की वैज्ञानिक जांच हेतु विषरा के नमूने इंडियन वेटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, इज्जतनगर, बरेली (उत्तर प्रदेश) तथा नानाजी देशमुख वेटनरी साइंस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ, जबलपुर मध्यप्रदेश भेजे जा रहे हैं। वन विभाग द्वारा प्रकरण में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा क्षेत्र में हाथियों की सतत निगरानी बढ़ा दी गई है।

CMYK